प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 02.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में जमीन के रिकॉर्ड होंगे डिजिटल, मुख्यमंत्री ने भूमि अभिलेखों के एकीकरण और सड़क सुरक्षा की समीक्षा की, पंचायतों में लगेंगे ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प।

2. राज्यसभा चुनाव को लेकर पहले दिन एक भी नामांकन नहीं, बाबूलाल मरांडी ने कहा उम्मीदवार पर केन्द्रीय नेतृत्व लेगा निर्णय, गठबंधन ने दोनों सीट पर किया जीत का दावा ।

3. पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर में की श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा, कहा –श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम जलार्पण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ।

4. धनबाद में विधानसभा की विशेष समिति ने खनन प्रभावित रैयतों को मुआवजा और नियोजन को लेकर की समीक्षा बैठक, प्रभावित परिवारों से लिए गए आवेदन

5. राज्य के कई जिलों में आज भी आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना, 8 जून तक के लिए येलो अलर्ट जारी

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने परिवहन विभाग तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में भूमि अभिलेखों के व्यापक डिजिटलीकरण और खासमहल भूमि से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण से नागरिकों को भूमि संबंधी अद्यतन जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी तथा विवादों में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए बेहतर सड़क नेटवर्क और रूट चार्ट तैयार करने पर भी जोर दिया। बैठक में सड़क सुरक्षा, आईडीटीआर, वाहन निरीक्षण केंद्र, गुड सेमेरिटन योजना तथा 'गुरुजी आपातकालीन सेवा–1944' को शीघ्र लागू करने समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

*******************

झारखंड की दो सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर मंथन का दौर जारी है। अबतक एक भी नामांकन नहीं दाखिल हुआ है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति से संबंधित पूरी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। जमशेदपुर दौरे के दौरान परिसदन में मीडिया से बातचीत में बाबूलाल ने कहा कि अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

इधर महागठबंधन में कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट शेयरिंग को लेकर मंथन का दौर जारी है ।

*******************

देवघर में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने श्रावणी मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक की । पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम जलार्पण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*******************

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने रांची के नगड़ी और इटकी प्रखंड में हनी वैल्यू चेन परियोजना के तहत संचालित हनी माइग्रेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और पैकेजिंग व्यवस्था का जायजा लेते हुए उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने तथा व्यवसाय के विस्तार पर जोर दिया।

*******************

विधानसभा की ध्यान आकर्षण विशेष समिति ने धनबाद में खनन प्रभावित रैयतों के मुद्दे को लेकर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की। इस दौरान बीसीसीएल, सीसीएल और ईसीएल की खनन परियोजनाओं से प्रभावित रैयत परिवारों को मुआवजा, पुनर्वास और नियोजन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रभावित परिवारों से आवेदन भी लिए गए और विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। विशेष समिति के अध्यक्ष टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि समिति का उद्देश्य खनन कार्यों के कारण भूमि गंवाने वाले रैयतों को न्याय दिलाना है। यह बैठक तीन दिनों तक चलेगी।

******************

रांची प्रक्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने पुलिस के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विधि–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध, भूमि अपराध और गुमशुदा बच्चों से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए विशेष अभियान चलाने तथा 10 से 25 जून तक शैक्षणिक संस्थानों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया।

******************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ अल्बर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया । इस दौरान सड़क किनारे अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और फुटपाथ पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले की कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सक्रिय और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन में एक बड़ा उलटफेर किया गया है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने जिले के 12 थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है।

******************

खूंटी जिला अंतर्गत मुरहू प्रखंड क्षेत्र में आयोजित छह दिवसीय मंडा मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। छऊ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने किया। निभाई। इस दौरान पारंपरिक झूलन अनुष्ठान और दहकते अंगारों पर चलकर शिवभक्तों ने धार्मिक परंपरा निभाई ।

******************

राज्य के कई जिलों में आज भी आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने 8 जून तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री की विभागीय समीक्षा और निर्देश की खबरों को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–सीएम का निर्देशः अब राज्य में विद्यार्थियों को साइकिल की जगह इलेक्ट्रिक साइकिल मिलेगी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–राज्यसभा चुनाव : झारखंड में पहले दिन एक भी नामांकन नहीं।

दैनिक जागरण ने लिखा है हेमंत–खरगे में बातचीत, झामुमो प्रत्याशी की घोषणा आज संभव

दैनिक भास्कर ने लिखा है–पीडीएस सिस्टम में गुणवत्ता लाने के लिए प्रशिक्षित होंगे अधिकारी।

******************